पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

——————

राज्यपाल की प्रेरणा से कल 15 जून 2023 से राजभवन में आयोजित होगा योग सप्ताह

——————

राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी, अध्यासित और प्रातः कालीन भ्रमण पर आने वाले लेंगे योगाभ्यास का लाभ

——————

लखनऊः 14 जून, 2023

प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा स्वस्थ जीवनचर्या, उचित खान–पान, पौष्टिक भोजन, मोटे अनाज की उपयोगिता जैसे महत्वपूर्ण विषयों को लेकर अपने विविध कार्यक्रमों के माध्यम से आमजन को जागरूक करने के साथ–साथ प्रोत्साहित भी किया जाता रहा है। इसी क्रम में राज्यपाल जी द्वारा योग को जीवन की अभिन्न दिनचर्या में शामिल करने के लिए भी प्रेरित किया जाता रहा है।

राज्यपाल जी की प्रेरणा से कल 15 जून, 2023 से लेकर विश्व योग दिवस 21 जून, 2023 के वृहद योग आयोजन तक राजभवन में प्रतिदिन सुबह 6:00 से 7:00 बजे तक योगाभ्यास सप्ताह का आयोजन किया गया है। अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल, डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने यह जानकारी देते हुए अवगत कराया कि इस योगाभ्यास में राजभवन के अधिकारी, कर्मचारी, उनके परिजन राजभवन में अध्यासित परिवारों के

सदस्यों के साथ–साथ राजभवन में प्रातः कालीन भ्रमण पर आने वाले लोग भी प्रतिभाग कर सकेंगे।

———–—

डॉ0 सीमा गुप्ता,
सूचना अधिकारी, राजभवन
सम्पर्क सूत्र 8318116361